पीएम स्वनिधि से लाभान्वित विक्रेताओ को समृद्वि योजना में प्रोफाईलिंग किया जायेगा

भिलाईनगर। शासन की महत्वकांक्षी पीएम स्वनिधि योजना संचालित किया रहा है। जिसके अंतर्गत नागरिको के व्यापार को आगे बढ़ाने एवं उन्हे स्वरोजगार प्राप्त हो सके। इसके लिए नागरिको को इस योजना के तहत 10 हजार आर्थिक सहायता ऋण प्रदान किया जाता है। नागरिक 10 हजार का ऋण प्राप्त कर अपना स्वयं का रोजगार खोल सके और जो पहले से व्यापार संचालित कर रहे उन्हे रोजगार आगे बढ़ाने मदद मिल सके। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के निवासरत नागरिको को इस योजना से जुड़ी सभी प्रकार की सुविधा का लाभ प्राप्त हो। इसके लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत 8 प्रकार के नये योजना को जोड़ा गया है। जिसमें से पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, पीएम जनधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, रजिस्ट्रशन अण्डर बीओसी डब्लू, जननी सुरक्षा योजना एवं पीएम मातरूवंदना योजना को शामिल किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना से समृद्वि योजना में हितग्राहियो को जोड़ने एवं उनका प्रोफाइलिंग किया जा रहा है। इसके लिए शिविर 02 सितम्बर से 07 सितम्बर तक निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में समय प्रातः 10:00 बजे से साम 5:00 बजे तक किया जायेगा। उक्त शिविर में मै भी डिजीटल कैम्पैन स्वनिधि से समृद्वि योजना से लाभान्वित पथविक्रेता की सामाजिक आर्थिक प्रोफाईलिंग डिजीटल कैम्पैन के साथ अन्य योजना से जोड़ा जायेगा। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी नागरिको से अपील की है कि इस योजना से जुड़ी सभी प्रकार की सुविधा का लाभ नागरिक ले। जिससे उनके आर्थिक सामाजिक प्रोफाईलिंग को जोड़ा जायेगा और नागरिको को इस योजना से मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधा प्राप्त हो।